दैनिक भास्कर

# स्टार हेल्थ का नया OOH कैंपेन; बिलबोर्ड के पिछले हिस्से को बनाया भरोसे का प्रतीक

**नई दिल्ली** | स्टार हेल्थ इंश्योरेंस ने क्रिएटिव एजेंसी 'टैलेंटेड' और आउटडोर पार्टनर 'कोरल मीडिया' के साथ मिलकर अनूठा आउट-ऑफ-होम (OOH) कैंपेन शुरू किया है। 'हम आपके साथ हैं' (We've Got Your Back) थीम पर आधारित इस कैंपेन में पारंपरिक बिलबोर्ड के सामने के बजाय उनके पिछले हिस्से का इस्तेमाल किया गया है, जो संकट के समय चुपचाप और लगातार मिलने वाले सपोर्ट का प्रतीक है। अहमदाबाद, कोलकाता, बेंगलुरु, चेन्नई और हैदराबाद में शुरू किए गए इस कैंपेन में कंपनी के 1.6 करोड़ क्लेम सेटलमेंट, 16,000 नेटवर्क हॉस्पिटल्स और हर 8 सेकंड में एक क्लेम सेटल करने जैसी उपलब्धियों को दर्शाया गया है।